


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 24 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 178 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# धर्म बदला तो अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त

**● किसी भी कानून के तहत किसी भी वैधानिक लाभ, सुरक्षा, आरक्षण या अधिकार का दावा नहीं कर सकता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट को लेकर मंगलवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने फैसले में कहा कि जो व्यक्ति हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाता है तो उसे



अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने आगे कहा कि किसी अन्य धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से खत्म हो जाता है। जस्टिस पी. के. मिश्रा और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की पीठ ने फैसला सुनाया कि किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। कोर्ट ने कहा कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में यह बात साफ कर दी गई थी और इस आदेश के तहत लगाई गई रोक पूरी तरह से लागू होती है। कोर्ट ने साफ किया कि 1950 के आदेश के क्लॉज 3 में बताए गए धर्मों के अलावा किसी और धर्म को अपनाने पर जन्म की स्थिति चाहे जो भी हो, अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत खत्म हो जाता है। न्यायालय ने यह फैसला सुनाया, खंड 3 के तहत, कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाता है, वह संविधान या संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए किसी भी कानून के तहत किसी भी वैधानिक लाभ, सुरक्षा, आरक्षण या अधिकार का दावा नहीं कर सकता और न ही उसे ये लाभ दिए जा सकते हैं। यह रोक पूरी तरह से लागू होती है और इसमें कोई अपवाद नहीं है। कोई भी व्यक्ति एक ही समय पर खंड 3 में बताई गई जाति के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने और उसका पालन करने के साथ-साथ अनुसूचित जाति की सदस्यता का दावा नहीं कर सकता।'

### आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया


सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के पहले के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें कहा गया था कि जो लोग ईसाई धर्म अपना लेते हैं और सक्रिय रूप से उसका पालन करते हैं, वे अपना अनुसूचित जाति (SC) का दर्जा बरकरार नहीं रख सकते।

## बड़ी अदालत ने महिला सैन्य अधिकारियों के 'परमानेंट कमीशन' पर लगाई मुहर



**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर स्थापित करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने महिला अधिकारियों को परमानेंट कमीशन दिए जाने के अपने पिछले निर्णयों को सही ठहराया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सेना में महिलाओं के स्थायी सेवा के अधिकार में अब कोई दखल नहीं दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि महिला अधिकारियों को पहले से दिया गया परमानेंट कमीशन बरकरार रहेगा, और यह साफ कर दिया कि मौजूदा व्यवस्था में कोई दखल नहीं दिया जाएगा।

## कोलंबिया विमान हादसे में बीस से ज्यादा जवान गायब



**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार को हुए भीषण विमान हादसे में 60 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई लोग अभी भी लापता हैं। हादसे का शिकार हुए विमान में 125 लोग सवार थे और टेक ऑफ के तुरंत बाद ही यह विमान क्रैश हो गया था। कोलंबिया की सेना ने करीब 66 जवानों की मौत की पुष्टि की है। इससे पहले कोलंबिया के प्यूर्तो लेगीजामो शहर के मेयर ने विमान हादसे में 34 जवानों की मौत की बात कही थी। मीडिया रिपोर्ट्स में 20 से ज्यादा जवानों के लापता होने की बात कही जा रही है। वायुसेना ने बताया कि हरक्यूलिस C-130 विमान में 121 लोग सवार थे, जिनमें 110 सैनिक और 11 क्रू सदस्य शामिल थे।

## शेयर बाजार में रिकवरी के बावजूद निवेशकों का भरोसा वापस नहीं लौटा



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1516 अंक बढ़कर 74,212.47 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 386.95 अंक बढ़कर 22,899.60 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे गिरकर 93.73 पर आ गया। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि रिकवरी के बावजूद निवेशकों का भरोसा पूरी तरह नहीं लौटा है। वैश्विक हालात अभी भी अनिश्चित हैं और बाजार में भारी अस्थिरता देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर आ रही खबरें और फिर उनके खंडन से बाजार तेजी से प्रभावित हो रहा है, जिससे कुछ निवेशक पहले से पोजिशन लेकर मुनाफा कमा रहे हैं।

## रेलवे ने किया रिफंड नीति में व्यापक बदलाव

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपनी टिकट और रिफंड नीति में व्यापक बदलाव करते हुए बड़े पैमाने पर टिकटों की कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण परिवर्तनों की घोषणा की है। संशोधित नियमों के अनुसार, निर्धारित प्रस्थान समय से आठ घंटे से कम समय पहले आरक्षित टिकट रद्द करने वाले यात्रियों को अब कोई रिफंड नहीं मिलेगा। प्रस्थान समय से 24 घंटे से 8 घंटे पहले रद्द करने पर यात्रियों को 50 प्रतिशत रिफंड मिलेगा। यात्रा से 72 घंटे से 24 घंटे पहले रद्द करने पर 75 प्रतिशत रिफंड दिया जाएगा। पहले, यात्रियों को यात्रा से 72 घंटे पहले तक रद्द करने पर भी पूरा रिफंड मिलता था।

## जंग का भारत पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा

**● राज्यसभा में पीएम ने कहा-होर्मुज में फंसे हैं कई भारतीय, गैस-तेल की सप्लाई पर भी गहरा असर**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर आज राज्यसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से भारत में स्थिति चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल जैसे जरूरी सामान की सप्लाई प्रभावित हो रही है। पीएम ने कहा कि फर्टिलाइजर की सप्लाई प्रभावित हो रही है। होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसा हुआ है। जरूरी है कि भारत की संसद की उच्च सदन से शांति और संवाद की एकजुट आवाज पूरी दुनिया तक जाए। पीएम ने कहा कि युद्ध की शुरूआत के बाद से मैंने वेस्ट एशिया के देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है। गल्फ के देशों के साथ बात कर रहे हैं। अमेरिका और इजराइल के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हमने होर्मूज स्ट्रेट खोले जाने पर बात की है। कमर्शियल जहाज पर हमला अस्वीकर है।

## सेना प्रमुखों के साथ राजनाथ ने की रक्षा तैयारियों की समीक्षा



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और बदलते वैश्विक सुरक्षा हालात के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक कर देश की रक्षा तैयारियों की समीक्षा की। वहीं पिछले दिनों 22 मार्च को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस बैठक हुई थी, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक सप्लाई की समीक्षा की गई थी। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और डीआरडीओ के चेयरमैन समीर कामत समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## दिल्ली विधानसभा उड़ाने की धमकी




**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बजट पेश करने से कुछ घंटे पहले दी गई। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पहला धमकी भरा ईमेल सुबह 7:28 बजे विधानसभा को भेजा गया, जबकि दूसरा ईमेल 7:49 बजे विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को मिला। यह दूसरा मौका है जब उनको ऐसी धमकी मिली है। गुप्ता को यह धमकी उनके पर्सनल ई-मेल पर मिली है। धमकी भरा मेल खालिस्तानी समर्थक से आया है। धमकी मिलने के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं और पूरे परिसर की सघन जांच शुरू कर दी गई।

## अंग्रेजों की मुखबिरी करने वाले शहादत का मोल क्या जानें : अखिलेश

**● बलिदानियों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से गिराने का मामला**

**शाहजहांपुर।** काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से गिराने का मामला तूल पकड़ गया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी इसकी निंदा की है। अखिलेश ने कटाक्ष करते हुए लिखा है कि अंग्रेजों की गुलामी करने वाले शहादत का मोल क्या जानें। सौंदर्यीकरण के बहाने शहीदों की प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलवाना एक बीमारू मानसिकता की निशानी है। टाउनहाल में सुंदरीकरण के दौरान नगर निगम प्रशासन ने काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को हटाने के लिए कहा था।




# सऊदी-यूएई भी लड़ाई में कूदने की कर रहे तैयारी!

## फिलहाल जंग खत्म होने के आसार नहीं, ईरान शुरू किया ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस का 78वां चरण

**● इस्त्राइल के डिमोना, तेल अवीव और ईलाट के साथ कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरानी हमला**



**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध चौथे सप्ताह में पहुंच गया है लेकिन स्थिति कहीं से भी सामान्य होती नहीं दिख रही है। एक तरफ ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत हमलों की एक नई और भीषण लहर शुरू की है। वहीं दूसरी तरफ सऊदी अरब और यूएई जैसे देश भी अब इस संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने की तैयारी करते दिख रहे हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मंगलवार को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के 78वें चरण की घोषणा की। इसके तहत इस्त्राइल के डिमोना, तेल अवीव और ईलाट जैसे अत्यधिक संवेदनशील ठिकानों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में स्थित कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इन हमलों में इमाद और काद्र (मल्टी-वारहेड) मिसाइल प्रणालियों और हमलावर ड्रोनों का इस्तेमाल किया है। आईआरजीसी का दावा है कि हालिया हमलों में डिमोना और अराद शहर में 200 से अधिक लोग हताहत हुए थे।

### मुआवजा मिलने तक जंग जारी रहेगा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने कहा है कि वह मौजूदा संघर्ष में पीछे हटने वाला नहीं है और जब तक उसे हुए नुकसान की भरपाई नहीं मिलती, तब तक जंग जारी रहेगी। ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार मोहसिन रजेई ने कहा कि ईरान की शर्तें स्पष्ट हैं, सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाए जाएं और अमेरिका की ओर से भविष्य में किसी भी तरह की दखलंदाजी न करने की ठोस गारंटी दी जाए।

### पीएम की इस्त्राइल यात्रा का गलत फैसला था!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि अगर पाकिस्तान द्वारा अमेरिका-इस्त्राइल और ईरान के बीच मध्यस्थता कराने की खबरें सही हैं, तो यह भारत के लिए बड़ा झटका और नाकामी की बात है। विपक्षी पार्टी ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सैन्य सफलता के बावजूद, पाकिस्तान की कूटनीतिक सक्रियता और नैरेटिव प्रबंधन मोदी सरकार से काफी बेहतर रही। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'अगर ये रिपोर्ट्स सही हैं, तो खुद को विश्वगुरु बताने वालों को करारा जवाब है।'

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 24 मार्च, मंगलवार 2026 (3)







लहरतारा में सिलेण्डर फटने की घटना के बाद पुलिस बल के साथ मौका-मुआयना करतीं एडीसीपी वरुणा नीतू कात्यायन। छाया : जनमुख

# सिलेण्डर फटा, मकान ढहा

## हादसे में भाई-बहन की मौत, मां-बेटा सहित कई घायल

**वाराणसी।** वाराणसी जिले के मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा पुल के पास एक गली में गैस सिलिंडर में ब्लास्ट हुआ, जिससे मकान ध्वस्त हो गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान प्रीति (27) और ओम कुमार चौधरी (30) के रूप में हुई। लहरतारा में मंगलवार की सुबह अचानक धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। बाहर निकलकर लोगों ने देखा तो एक मकान ध्वस्त हो गया था। आसपास के मकानों की दीवारें भी दरक गयी थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिलिंडर ब्लास्ट करने से मकान गिर गया। जिसमें चार लोग दब गए। आनन-फानन रेस्क्यू कर सभी को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर पहुचाया गया। जहां दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में अमन चौधरी (31) और बुजुर्ग महिला गिरजा देवी (60) हैं। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का



माहौल हो गया। सूचना पर पुलिस व अन्य टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य किया। दो मौत से मौके पर कोहराम मचा है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 8:00 बजे की है। इस हादसे में मलबे में दबने से भाई-

**● आसपास के घरों की दीवारों में भी आयी दरार**

बहन की मौत हो गई, जबकि उनकी माँ और एक अन्य भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ब्लास्ट घटना की जानकारी मिलने पर एडीसीपी वरुणा नीतू कात्यायन, एडीएम आलोक वर्मा व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। एडीसीपी नीतू कात्यायन ने बताया कि घटना की जानकारी पर पहुंचे तो पता चला कि एक महिला गिरजा देवी अपने तीन बच्चों के साथ जर्जर मकान में रहती थीं। मंगलवार की सुबह खाना बना रही थीं, इसी दौरान गैस सिलिंडर में रिसाव के चलते ब्लास्ट हुआ। जिससे मकान गिर गया और इसमें तीनों बच्चों समेत गिरजा

## शोध कार्यों में भ्रष्टाचार पर बीएचयू से जवाब तलब

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कृषि विज्ञान संस्थान में संचालित शोध परियोजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठने के बाद भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर), नई दिल्ली ने विश्वविद्यालय प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। मामला अखिल भारतीय समन्वित गेहूं परियोजना के शोध कार्यों में कथित वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताओं से जुड़ा है। आजमगढ़ के वकील एवं ट्रांसपोर्ट इंडिया लीगल ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिकेश बहादुर सिंह ने 14



दिसंबर 2025 को आइसीएआर में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कृषि विज्ञान संस्थान के अंतर्गत संचालित गेहूं परियोजना में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। आइसीएआर के उप सचिव, कृषि शिक्षा राजेश कुमार झा ने बीएचयू के कुलपति को पत्र भेजकर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## गोपाल सेवा संस्थान षष्ठपीठ की नई प्रबंधकारिणी के पदाधिकारी घोषित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मुकुन्द गोपाल सेवा संस्थान षष्ठपीठ गोपाल मंदिर चौखम्भा, वाराणसी की साधारण सभा/निर्वाचन सभा रविवार, 22 मार्च को सायं 4 बजे से षष्ठपीठ गोपाल मंदिर के सभागार में सर्व सम्मति से सम्पन्न हुई। इस निर्वाचन सभा में पांच वर्षों के लिए नई प्रबंधकारिणी का चयन हुआ। निर्वाचन अधिकारी दिनेश जोशी ने पदाधिकारियों की घोषणा की, जिसमें अध्यक्ष पद पर षष्ठपीठाधिश्वर गो॰ श्याम मनोहर महाराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गो॰ प्रियंदु बावा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अरुण पारिख, महामंत्री पद पर राजेश अग्रवाल, मंत्री पद पर मनोज मुनीमवाला, कोषाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री पद पर जमुना वल्लभदास गुजराती, सेवा संग्रह मंत्री पद पर आनन्द कृष्ण अग्रवाल, समाज सेवा मंत्री पद पर प्रदीप अग्रवाल, संगठन मंत्री पद पर बृजकिशोर दास किनारीवाला, प्रकाशन मंत्री पद पर जयंतिलाल शाह एवं मीडिया प्रभारी अतुल शाह को चुना गया। इसके साथ अन्य पदों के उपमंत्री व कार्यकारिणी के 11 सदस्यों के नाम की घोषण निर्वाचन अधिकारी ने की। यह सूचना संस्था के मीडिया प्रभारी अतुल शाह ने दी।

## गोमाता की रक्षा के लिए जान देने का दावा

**● पुलिस प्रणाली की तरह होगी शंकराचार्य के सेना की तैनाती**

**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने



वाराणसी में चतुरंगिणी सेना बनाने की घोषणा की है। इसके लिए शंकराचार्य ने 27 सदस्यीय एक चतुरंगिणी सभा का गठन किया है। चतुरंगिणी सेना को आगे चलकर गोरक्षा के उद्देश्य से विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि यह पहल हिंदू समाज में व्याप्त भय को दूर करने और सत्य के साथ खड़े होने का साहस पैदा करने के उद्देश्य से की जा रही है। बताया जा रहा है कि 10 महीने के बाद माघ मेला लगेगा। माघ मेले तक हमारी एक अक्षौहिणी सेना बनकर तैयार हो जाएगी। इस सेना को वही आमंत्रित किया जाएगा, जहां पर शंकराचार्य का अपमान हुआ था। उन्होंने कहा कि उसके बाद यह सेना आगे चलके जहां पर जनता में भय व्याप्त है उनका भय दूर करने का काम करेगी।

## बीएचयू में दागी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई, 37 निलंबित-पांच निष्कासित

**वाराणसी।** बीएचयू प्रशासन ने कैंपस की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए दागी और अनुशासनहीन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की है। विश्वविद्यालय ने मारपीट, छेड़खानी, तोड़फोड़ और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल 74 छात्रों को काली सूची में डाला है। इनमें 37 छात्रों को निलंबित किया गया है और पांच को निष्कासित। इसके अलावा 24 छात्रों को अध्ययन से वंचित किया गया है, जबकि आठ छात्रों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।प्रशासन ने सभी संस्थानों के निदेशकों और संकाय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि इन छात्रों को किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय में प्रवेश न दिया जाए और उनकी पात्रता तत्काल प्रभाव से निरस्त रखी जाए।

## जर्जर पाईप लाईन बदलने का महापौर ने किया शिलान्यास



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सोमवार को आदि विशेश्वर वार्ड (वार्ड नंबर 69) में पाइप लाइन बदलने के कार्य का शिलान्यास किया। 2.58 करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत कुल 3345 मीटर लंबी नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लगभग 784 घरों को सीधा लाभ पहुंचेगा और पानी के दबाव में भी सुधार होगा। महापौर ने बताया कि पुरानी और जर्जर हो चुकी पाइपलाइनों के कारण स्थानीय निवासियों को कम दबाव और गंदे पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसका अब समाधान हो जाएगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

## हनुमान दीवाने चल पड़े लाल ध्वजा ले हाथ

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति वाराणसी के तत्वाधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के पांचवें दिन कार्यक्रम संयोजक यतींद्र कथूरिया ने आज के मुख्य अतिथि निखिल अग्रवाल (बबलूजी सरिया वाले) का दुपट्टा ओढ़ाकर समान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हनुमान प्रभु जी की रथ पर विराजमान प्रभु के विग्रह के समक्ष ज्योत प्रज्वलित



करके हनुमान जी की आरती की गई व 101 भक्तों में लाल ध्वजा वितरण की गई एवं 21 महिला भक्तों को आरती की थाली प्रदान

**● 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी का पांचवां दिन**

की गई। यह यात्रा गुरुधाम रविंद्रपुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर तक गयी। जहां हनुमानजी के चरणों में सभी भक्तों द्वारा लाल ध्वजा अर्पित किया गया।तत्पश्चात मंदिर प्रांगण मे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती हुई और सवामनी प्रसाद के रूप मे लड्डू व संतरे का वितरण हुआ। जागृत, दिनेश मिश्रा, महेंद्र शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। हनुमान दीवाने चल पड़े लाल ध्वजा ले हाथ भजन पर भक्त मंत्र मुक्त हो गए।

## दो दिनों में फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**वाराणसी।** पहली बार ऐसा होगा कि काशी में मार्च महीने में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकते हैं। सोमवार को सूरज की तपती किरणों ने जिले का पारा एक ही दिन में चार डिग्री तक बढ़ा दिया। वाराणसी जिले में अगले 4-5 दिनों में मार्च महीने की दूसरी बारिश होने के आसार हैं। उत्तर भारत में सप्ताह भर के भीतर दूसरा पश्चिमी विक्षोभ काशी में दस्तक दे सकता है। इससे तेज हवा के साथ बारिश की भी उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से 27 से 28 मार्च तक बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं अनुमानित तापमान भी 3 से 4 डिग्री तक नीचे आ सकता है।

## मकान सूचीकरण एवं गणना के तहत तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत उदय प्रताप इण्टर कालेज में तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स (FT) का



प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। अंतिम दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डा0 सदानन्द गुप्ता द्वारा शुभारम्भ किया गया। जनपद 142 फील्ड ट्रेनर्स (FT) का प्रशिक्षण लखनऊ द्वारा प्रशिक्षित 04 मास्टर ट्रेनरों द्वारा 35-35 व 36-36 के दो बैच में 16, 17 व 18 मार्च तथा 19, 20 व 23 मार्च को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से जनगणना 2027 डिजिटल एप के माध्यम से डेटा संग्रहण, मकानों के सूचीकरण, परिवारों की गणना तथा सर्वेक्षण कार्य को सही और प्रभावी ढंग से संपन्न करने की विधियों का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।




## निरंकारी संत समागम ने जगाई मानव एकता अलख

**● एनवाईएफ ने किया खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** परम पूज्य निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद एवं निरंकारी राजपिता की उपस्थिति में रेलवे ग्राउंड, पराग डेयरी, कानपुर में उत्तर प्रदेश प्रादेशिक निरंकारी संत समागम



का भव्य, सुव्यवस्थित एवं अत्यंत प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ। जहाँ आध्यात्म, प्रेम, अनुशासन, श्रद्धा, समर्पण और आध्यात्मिक चेतना का अद्वितीय संगम देखने को मिला। उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर इस आयोजन को एक विराट आध्यात्मिक पर्व का स्वरूप दिया। समागम से पूर्व निरंकारी यूथ फोरम (एन.वाई.एफ.) द्वारा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। युवाओं ने क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर टीम भावना, अनुशासन और सहयोग जैसे मूल्यों को आत्मसात किया। साथ ही, निरंकारी यूथ सिम्पोजियम (एन.वाई.एस.) के माध्यम से युवाओं को आध्यात्मिक विषयों पर चिंतन एवं अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया गया।

## शहादत दिवस पर छह महिलाओं सहित 22 ने किया रक्तदान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में भंदहा कला, कैथी स्थित संस्थान के प्रशिक्षण



केंद्र पर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 45 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमे 22 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिसमे 10 प्रथम बार के रक्तदाता और छह महिलाएं शामिल रहीं। समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने अपना 108वां पूर्ण रक्तदान किया ।

## साखी शोधशाला की दो दिवसीय संगोष्ठी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** साखी शोधशाला, वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 'महात्मा बुद्ध और नदियों के सन्दर्भ : हमारी चिंताएँ और वरुणा नदी' विषयक दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 24 एवं 25 मार्च को वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी में किया जा रहा है।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सुल्तानपुर समाचार

### समाधान दिवस से दो थानाध्यक्ष नदारद, एसपी ने किया तलब



**वलीपुर।** बल्दीराय में सोमवार को आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 12:30 बजे तक थानाध्यक्ष हलियापुर व धनपतगंज नहीं पहुंचे। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने पहुंचते ही दोनों को तलब किया। थोड़ी देर में ही दोनों थानाध्यक्ष समाधान दिवस में पहुंच गए। अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक ने पीड़ितों की शिकायतों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान आईं 51 शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण करने का दावा किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भारत भूषण सहित सभी जिला स्तरीय व उप जिलाधिकारी प्रवीण कुमार सहित तहसील के अधिकारी मौजूद रहे। नरसड़ा निवासी दयाराम मौर्य ने बताया कि सरकारी नाली से अतिक्रमण हटवाने के लिए अभी तक 35 से 40 शिकायतें की हैं, लेकिन अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। हमेशा आश्वासन ही दिया जाता है। सोमवार को फिर प्रार्थनापत्र दिया है। डोभियारा निवासी बुजुर्ग महिला प्रेमा देवी ने बताया कि मेरा राशन कार्ड बिना किसी कारण के काट दिया गया।

पूर्ति विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की तो क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी ने झूठी रिपोर्ट लगाकर इसका निस्तारण कर दिया। राशन नहीं मिलने से भोजन के लिए दिक्कत हो रही है। महमदीपुर निवासी कौशल किशोर पाठक ने शिकायत करते हुए बताया कि हमारी खतौनी का खाता गलत तरीके से दर्ज कर दिया गया।

## भदोही समाचार

### भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस मनाया

**भदोही।** जनपद में शहीद दिवस के अवसर पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया। सोमवार को फत्तुपुर स्थित मिडिल स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इन महान क्रांतिकारियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष इंद्रदेव पाल ने कहा कि वर्तमान सरकार राष्ट्रवाद का दिखावा कर कॉर्पोरेट और साम्राज्यवादी शक्तियों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता पर अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है और महंगाई चरम पर है, जिससे लोगों के लिए परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है।

## जौनपुर समाचार

### प्रेमी ने रस्सी गला कसकर की युवती की हत्या



**जौनपुर।** महराजगंज थाना क्षेत्र के कोइरीपुर गांव में रविवार की देर रात रात प्रेमी ने पड़ोस में रहने वाली युवती को बुलाया। रस्सी से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पांच मीटर घसीटकर शव उसके घर के बगल में छोड़ दिया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चाचा अवधेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बड़े भाई कमलेश गौतम की 19 साल की बेटी ब्यूटी पड़ोस के हर्ष गौतम (24) साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह ब्यूटी पर शादी करने का दबाव बना रहा था। परिजनों को जानकारी होने पर युवती ने साफ मना कर दिया था। इससे नाराज होकर हर्ष ने रस्सी से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। शव घर के बगल फेंक दिया। ब्यूटी रोज रविवार की रात अपनी मां के साथ रात 12 बजे बाहर सोने गई थी। सुबह उसकी चाची ने देखा कि घर के बगल उसका शव पड़ा हुआ है। इसकी सूचना घर के लोगों को दी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

थानाध्यक्ष तरुन श्रीवास्तव ने बताया ब्यूटी के घर के समीप से शव घसीटकर लाने के निशान भी मिले हैं। परिजनों को आशंका है कि आरोपी ने रस्सी से गला कसने के बाद करीब पांच मीटर दूर तक घसीटा भी है, जिसके बाद शव को वहीं, छोड़कर घर चला गया।

## चंदौली समाचार

### दोनों टॉपर, एक साथ SDM बने, अब रिश्तों में दरार

**चंदौली।** यूपी के दो SDM के बीच करीब 6 साल पहले प्यार शुरू हुआ, फिर एक साल बाद शादी कर ली। लेकिन, शादी के कुछ साल बाद ही दोनों के बीच दूरियां बढ़ने लगीं। सिर्फ 15 किलोमीटर दूर घर होने के बावजूद एक-दूसरे से मिलना-जुलना तक बंद कर दिया। इतना ही नहीं, बड़े अफसरों की बैठकों में भी दूर-दूर बैठने लगे। यह कहानी है चंदौली में तैनात SDM दिव्या ओझा और अनुपम मिश्रा की। दोनों के बीच पहली बार झगड़ा सामने आया 17 मार्च को, जब SDM दिव्या ओझा के पिता प्रतापगढ़ में थाने पहुंचे। उन्होंने अपने SDM दामाद अनुपम मिश्रा के खिलाफ दहेज, मारपीट और उत्पीड़न का केस दर्ज कराया। दिव्या ओझा प्रतापगढ़ की रहने वाली हैं। उनके पिता निशाकांत ओझा, यूपी के पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा के छोटे भाई हैं।

## गाजीपुर समाचार

### सड़क हादसे...तीन लोगों की मौत



**गाजीपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार की शाम सड़क हादसे में वृद्ध सहित तीन की मौत हो गई। वहीं हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने शाम सात बजे शादियाबाद- बहरियाबाद मार्ग जाम कर दिया। एसडीएम जखनिया अतुल कुमार के आश्वासन पर रात 8:10 बजे पर जाम समाप्त हुआ। रामपुर बंतरा हाईवे पर सड़क पार करते समय तेज वाहन की चपेट में आने से कन्हैया प्रजापति (65), हरिहरपुर के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पलटने से निरहू बनवासी (22) और मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर बाइक सवार प्रभु बिंद (40) की मौत हो गई। शादियाबाद थानाध्यक्ष पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि हुसैनपुर निवासी प्रभु बिंद शाम करीब 6. 30 बजे शादियाबाद बाजार से बाइक से घर लौट रहे थे। दयालपुर गांव के पास सामने से मिट्टी लदे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में प्रभु बिंद अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचकर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने शाम सात बजे शादियाबाद-बहरियाबाद मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### टमाटर का थोक भाव पांच रुपये किलो पहुंचा

**निजामाबाद।** मौसम में आई गर्मी के कारण सब्जी बाजार पर असर दिख रहा है। तेज धूप से टमाटर तेजी से पक रहा है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। खेतों से टमाटर नहीं निकाले तो सड़ जा रहे हैं। निजामाबाद क्षेत्र के बेगपुर, मोहनाठ, कोडर आदि गांवों में किसान हरी सब्जी के खेती करते हैं, लेकिन गर्मी के कारण आवक बढ़ने से मंडी में टमाटर का थोक भाव करीब पांच रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। फुटकर में टमाटर 15 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। जबकि पिछले माह बाजार में इसकी कीमत 40 से 50 रुपये किलो थी। दूसरी ओर हरी मिर्च के तेवर अब भी तीखे बने हैं। हरी मिर्च थोक में 90 रुपये और फुटकर में 120 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। तापमान बढ़ने के कारण बाजार में हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है।

## बलिया समाचार

### जातिगत जनगणना की मांग पर बलिया में प्रदर्शन




**बलिया।** कलक्ट्रेट में सोमवार को भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा। मोर्चा की प्रमुख मांगों में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी जातियों के लिए कॉलम नहीं दिया गया है। उनकी मांग है कि आगामी राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी और जाति का कॉलम जोड़ा जाए। प्रदर्शनकारियों ने एससी, एसटी और ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन लागू करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि पहले कमजोर यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाना और फिर सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी कर उस पर रोक लगवाना इन वर्गों के साथ धोखाधड़ी है। इसके अतिरिक्त, मोर्चा ने 2011 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से मुक्त करने की मांग भी उठाई।

मोर्चा के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से इस राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन को और अधिक उग्र एवं व्यापक करेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## देवरिया समाचार

### महिलाओं को अधिकार, सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरूकता जरूरी : डीएम

**सिद्धार्थनगर/शाहपुर।** पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज में मिशन शक्ति अभियान-5 (सेकंड फेज) का शुभारंभ हुआ।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकार सुरक्षा व स्वावलंबन के बारे में जानकारी देना है।

उन्होंने कहा कि बहुत सी महिलाएं हमारे देश में हुई हैं, जिन्होंने अपने कार्यों से अमिट छाप छोड़ी है। उनको अपना आदर्श बनाएं और प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ें।

## मीरजापुर समाचार

### मतदाता सूची प्रगाढ़ पुनरीक्षण कर रोल प्रेक्षक/मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियो के साथ बैठक कर की समीक्षा



**मीरजापुर।** अर्हता तिथि 01.01. 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में रोल प्रेक्षक/मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश द्वारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में जनपद मीरजापुर के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर पर समीक्षा की गयी। जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्राप्त समस्त फार्म–6, 7 एवं 8 का 27 मार्च, 2026 से पहले निस्तारण कर लिया जाये, ताकि उनका नाम अन्तिम मतदाता सूची में आ सके। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदेय स्थल जहां पर अधिक संख्या में फार्म–6, 7 एवं 8 प्राप्त हुये हैं, का पुनः सत्यापन करा लिया जाये। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये जनपद में कुल 123321 आवेदन अब तक प्राप्त हुये हैं। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मड़िहान अनेग सिंह, लालगंज महेन्द्र सिंह, चुनार राजेश वर्मा सहित सभी तहसीलदार व खण्ड अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धिज अधिकारी उपस्थित रहें।

## मऊ समाचार

### संपूर्ण समाधान दिवस में 201 मामलों में 17 का हुआ निस्तारण

**मऊ।** जनपद के सभी चार तहसील पर सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान चार तहसील पर कुल 201 मामले आए, जिसमें 17 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में तहसील घोसी में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 43 राजस्व विभाग की, 2 पुलिस विभाग, 7 विकास विभाग, 1विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की शिकायतें थी। जनसुनवाई के दौरान 3 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। इसके अलावा 2 शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन कर मौके पर भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के अधिक शिकायतों के लिए जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## गोरखपुर समाचार

### 24 शादियां कर चुका है फर्जी आईएएस, अब शहर की युवती को ठगा, पुराने इंटरव्यू का वीडियो दिखाकर रचाई शादी




**गोरखपुर।** इटावा जिले के लुधियात मोहल्ले का प्रीतम कुमार निषाद खुद को आईएएस अधिकारी बताकर शहर की युवती को जाल में फंसाने से पहले 24 शादियां कर चुका है। यह जानकारी ठगी के शिकार युवती के पिता कैंट थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर निवासी राधेश्याम कश्यप ने पुलिस को दी। उनका कहना है कि जालसाज ने उनसे फर्जी पहचान के जरिये बेटी से शादी कर 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने न सिर्फ उनका आर्थिक शोषण किया, बल्कि उनकी बेटी की जिंदगी भी बर्बाद कर दी। राधेश्याम कश्यप ने बताया कि वह पैरालिसिस के कारण बिस्तर पर हैं। आधा शरीर काम ही नहीं करता है। उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। छोटी बेटी के लिए रिश्ता तलाशा जा रहा था। वह ग्रेजुएशन कर चुकी है। समाज के एक ग्रुप में इटावा के लुधियात मोहल्ले के रहने वाले प्रीतम का रिश्ता आया। प्रोफाइल में प्रीतम को 32 वर्षीय आईएएस अधिकारी और मनिकपुर में एसडीएम पद पर तैनात बताया गया था। पिता ने बताया कि दिल्ली में रहने वाली बड़ी बेटी के जरिये से प्रीतम से बातचीत शुरू हुई। उसने फोन पर खुद को आईएएस बताते हुए भरोसा दिलाया। दिसंबर 2025 में वह गोरखपुर भी आया और परिवार से मुलाकात की। उसके व्यवहार और बातों से परिवार पूरी तरह आश्वस्त हो गया। शक दूर करने के लिए परिवार के कुछ लोग इटावा भी गए, जहां उसने लुधियात मोहल्ले में अपना घर दिखाया। उसने बताया कि वह और उसकी बहन ही वहां रहते हैं और जल्द ही नया मकान खरीदने वाले हैं। गांव के बारे में पूछने पर उसने खुद को वहां का पहला आईएएस बताते हुए कहानी गढ़ दी।

11 मार्च 2026 को शादी तय हुई। पहले दहेज से इन्कार करने वाले प्रीतम ने बाद में शादी खर्च के नाम पर 15 लाख रुपये ले लिए। शादी से चार दिन पहले वह भारत सरकार लिखी कार से गोरखपुर पहुंचा, उसके साथ एक असिस्टेंट भी था। वह उसके पीछे-पीछे चल रहा था।

## सोनभद्र समाचार

### शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन मार्च,2026 महीने के पहले तृतीय शनिवार को अवकाश पड़ने के कारण सोमवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह सिंह ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। कुछ प्रकरणों में टीम गठित कर, क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकर्ताओं के शिकायतों के निस्तारण हेतु भेजा गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये।

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज में बड़ा हादसा- अमोनिया गैस टैंक फटने से कोल्ड स्टोरेज धराशायी, चार की मौत, मुआवजे का एलान

**प्रयागराज।** फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया। अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। आनन फानन में सभी को बाहर निकाला गया। इसमें चार मजदूरों के मौत की बात कही जा रही है। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिले भर की एंबुलेंस को राहत बचाव कार्य में लगाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरफ की टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी है।हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मलबे में डेढ़ दर्जन



से अधिक लोग दब गए। घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल पहुंचाया गया है। फाफामऊ समेत आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मौके से निकाले गए चार मजदूरों की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुट गई है। दर्जन भर से अधिक जेसीबी मलबो को हटाकर दबे हुए लोगों को खोज रही है। शाम सवा चार बजे तक तीन शव निकाले जा चुके हैं। सभी मजदूर बिहार के सहरसा जिले के बताए जा रहे हैं। एक मृतक की पहचान सहरसा के ज्योतिष के रूप में हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए हादसे पर दुख जताया है। पीएम ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। पीएमएनआरएफ से हर मृतक के परिवार वालों को दो लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई भीषण दुर्घटना को हृदय विदारक बताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई।




चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व में महाअष्टमी तिथि का विशेष धार्मिक महत्व होता है। यह दिन माता दुर्गा के आठवें स्वरूप, मां महागौरी को समर्पित होता है। इस दिन भक्त विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं और कन्या पूजन का आयोजन करते हैं। मान्यता है कि महाअष्टमी के दिन कन्या पूजन करने और कन्याओं को भोजन कराने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**महाअष्टमी 2026 तिथि और समय**

**हिंदू पंचांग के अनुसार:**

**अष्टमी तिथि प्रारंभ:** 25 मार्च 2026, दोपहर 1:50 बजे

**अष्टमी तिथि समाप्त:** 26 मार्च 2026, सुबह 11:48 बजे

उदयातिथि के अनुसार, महाअष्टमी और कन्या पूजन 26 मार्च 2026 को किया जाएगा।

**कन्या पूजन के शुभ मुहूर्त**

महाअष्टमी के दिन कन्या पूजन के लिए दो प्रमुख शुभ मुहूर्त निर्धारित हैं:

**पहला मुहूर्त:** सुबह 6:18 बजे से 7:50 बजे तक

**दूसरा मुहूर्त:** सुबह 10:55 बजे से दोपहर 3:31 बजे तक

**कन्या पूजन का धार्मिक महत्व**

नवरात्रि के दौरान 2 से 10 वर्ष की कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। इस दिन उन्हें घर बुलाकर सम्मानपूर्वक पूजा की जाती है और भोजन कराया जाता है। यह परंपरा शक्ति स्वरूपा देवी के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है।

## लाइफ मंत्र

## कन्या पूजन के दिन बरतें ये जरूरी सावधानियां!

**कन्या पूजन के दौरान रखें ये सावधानियां**

कन्या पूजन करते समय निम्न बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए:

**उम्र का ध्यान रखें:** 2 से 10 वर्ष तक की कन्याओं को ही पूजन के लिए आमंत्रित करें।

**स्वागत विधि:** कन्याओं के घर आने पर उनके पैर धोकर सम्मानपूर्वक आसन दें।

**सात्विक भोजन:** भोजन पूरी तरह सात्विक होना चाहिए। हलवा, पूड़ी और चना प्रमुख रूप से बनाए जाते हैं।

**प्याज-लहसुन से परहेज:** भोजन में प्याज और लहसुन का प्रयोग न करें।


**समान सम्मान:** सभी कन्याओं को समान आदर दें, किसी प्रकार का भेदभाव न करें।

**जबरदस्ती न करें:** कन्याओं को भोजन के लिए मजबूर न करें, वे जितना प्रेम से ग्रहण करें उतना ही पर्याप्त है।

**विदाई संस्कार:** पूजन के बाद उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लें।

महाअष्टमी का दिन नवरात्रि का अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर होता है। इस दिन श्रद्धा, भक्ति और नियमों के साथ कन्या पूजन करने से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है। सही विधि और सावधानियों के साथ किया गया पूजन विशेष फलदायी माना जाता है।

## Railone ऐप में ये सुधार कर दे IRCTC, तो टिकट बुकिंग का अनुभव हो जाएगा आसान



पासवर्ड रीसेट करते समय ईमेल या मोबाइल नंबर पर OTP भेजा जाता है। लेकिन कई बार यह OTP आने में काफी समय लग जाता है। जब यूजर जल्दी में टिकट बुक करना चाहता है, उस समय OTP का देर से आना पूरी प्रक्रिया को धीमा कर देता है। कई बार तो यूजर को बार-बार OTP भेजने का विकल्प चुनना पड़ता है, जिससे और ज्यादा समय बर्बाद होता है। भारत में ट्रेन यात्रा लाखों लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने समय-समय पर कई डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए हैं। इसी दिशा में RailOne नाम का एक नया ऐप भी शुरू किया गया, जिसे Indian Railways ने यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित किया है। इस ऐप के जरिए यात्री आरक्षित (Reserved) और अनारक्षित (Unreserved) दोनों तरह के टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं। हालांकि इस ऐप में कई उपयोगी फीचर्स मौजूद हैं, लेकिन इसका उपयोग करते समय कुछ ऐसी कमियां भी सामने आई हैं जो यूजर्स के लिए बड़ी परेशानी बन सकती हैं। खासतौर पर पासवर्ड एक्सपायर होने और उसे रीसेट करने की प्रक्रिया कई लोगों के लिए मुश्किल साबित हो सकती है।

**Railone ऐप: टिकट बुकिंग का नया डिजिटल विकल्प**

रेल यात्रियों के लिए अब टिकट बुक करने के कई डिजिटल विकल्प मौजूद हैं। लंबे समय से लोग IRCTC Rail Connect ऐप का इस्तेमाल करते रहे हैं। इसी तरह Railone ऐप को भी एक ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किया गया है। इस ऐप के जरिए यात्री रिजर्वेशन टिकट, जनरल टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और अन्य रेलवे सेवाओं का फायदा उठा सकते हैं। ऐप का उद्देश्य यात्रियों को एक ही जगह पर कई सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि टिकट बुकिंग का अनुभव तेज और आसान हो सके। लेकिन जब इस ऐप में पासवर्ड एक्सपायर होने की समस्या सामने आती है, तो यूजर्स को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**पासवर्ड एक्सपायर होने का नहीं मिलता अलर्ट**

Railone ऐप का सबसे बड़ा नकारात्मक अनुभव यह रहा कि पासवर्ड एक्सपायर होने से पहले किसी तरह का नोटिफिकेशन या अलर्ट नहीं मिलता। आजकल लगभग सभी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म अपने यूजर्स को पहले से ईमेल या मैसेज के जरिए सूचना देते हैं कि उनका पासवर्ड जल्द ही एक्सपायर होने वाला है। इससे यूजर समय रहते अपना पासवर्ड बदल लेते हैं और जरूरी काम के दौरान परेशानी नहीं होती। लेकिन Railone ऐप में ऐसा फीचर फिलहाल नहीं दिखता। अगर कोई यूजर लंबे समय बाद ऐप खोलता है और उसी समय टिकट बुक करने की जरूरत होती है, तो पासवर्ड एक्सपायर होने की वजह से पूरी प्रक्रिया रुक सकती है। ऐसे में कई बार टिकट छूटने का खतरा भी बन जाता है।

**mPIN से लॉग-इन करने की वजह से भूल जाते हैं पासवर्ड**

Railone ऐप में लॉग-इन करने के लिए एक खास सुविधा दी गई है, जिसे mPIN कहा जाता है। यह 6 अंकों का पिन होता है और ऐप में तेज लॉग-इन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ज्यादातर यूजर रोजाना पासवर्ड डालने के बजाय mPIN का ही इस्तेमाल करते हैं। कई महीनों तक इसी तरीके से लॉग-इन करने के कारण असली पासवर्ड याद ही नहीं रहता। ऐसे में जब अचानक ऐप यह संदेश देता है कि आपका पासवर्ड एक्सपायर हो गया है, तो यूजर असमंजस में पड़ जाते हैं। अगर ऐप mPIN के जरिए लॉग-इन की सुविधा देता है, तो पासवर्ड रीसेट की प्रक्रिया को भी उसी के साथ आसान बनाया जाना चाहिए।



# Google Pixel 11 Pro लॉन्च से पहले हुआ लीक, कीमत और फीचर्स का मिला हिंट, जानें पूरी डिटेल्स

**गूगल अपनी नई फ्लैगशिप सीरीज गूगल पिक्सल 11 के साथ वापसी करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस बार कंपनी चार मॉडल लॉन्च कर सकती है। pixel 11,Pixel 11 Pro, Pixel 11 Pro XL और Pixel 11 Pro Fold. हालांकि कंपनी ने अभी तक ऑफिशियल तौर पर कुछ कंफर्म नहीं किया है, लेकिन लीक्स ने पहले कई अहम जानकारियां सामने ला दी हैं।**


इस साल स्मार्टफोन मार्केट में एक बार फिर बड़ा धमाका होने वाला है, क्योंकि गूगल अपनी नई फ्लैगशिप सीरीज गूगल पिक्सल 11 के साथ वापसी करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस बार कंपनी चार मॉडल लॉन्च कर सकती है। pixel 11,Pixel 11 Pro, Pixel 11 Pro XL और Pixel 11 Pro Fold. हालांकि, कंपनी ने अभी तक ऑफिशियल तौर पर कुछ कंफर्म नहीं किया है, लेकिन लीक्स ने पहले कई अहम जानकारियां सामने ला दी हैं।

लीक्स के मुताबिक गूगल पिक्सल 11 सीरीज की लॉन्च टाइमलाइन को लेकर थोड़ा कन्फ्यूजन है। कुछ रिपोर्ट्स में मार्च का जिक्र किया गया है। जबकि ज्यादातर जानकारी बताती है कि ये सीरीज 17 अगस्त से 25 अगस्त 2026 के बीच लॉन्च हो सकती है। इसके बाद इन फोन्स की सेल सितंबर के मध्य तक शुरू होने की उम्मीद है।

**फिचर्स**

स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो गूगल पिक्सल 11 में 6.6 इंच का AMOLED डिस्प्ले मिल सकता है, जिसमें 120Hz रिफ्रेश रेट होगा, जबकि प्रो मॉडल्स में ये 140Hz तक जा सकता है। इस बार कंपनी नया गूगल टेंसर G6 चिपसेट दे सकती है। जो 2nm टेक्नोलॉजी पर बेस्ड होगा और बेहतर परफॉर्मेंस के साथ हीटिंग को भी कम करेगा। इसके अलावा इसमें 12GB तक RAM और 512GB तक UFS 4.0 स्टोरेज मिलने की संभावना है जो इसे एक पावरफुल फ्लैगशिप बनाएगा। बैटरी की बात करें तो, पिक्सल 11 में 5,500mAh की बैटरी दी जा सकती है, जो 45W या 65W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आएगी। सॉफ्टवेयर के मामले में ये फोन एंड्रोइड 17 पर रन कर सकता है। कैमरा सेगमेंट में भी गूगल अपने मजबूत इमेज प्रोसेसिंग के लिए जाना जाता है, और इस बार पिक्सल 11 में ट्रिपल कैमर सेटअप मिल सकता है जिसमें 50MP का प्राइमरी सेंसर, 48MP का अल्ट्रा-वाइड और 12MP का टेलीफोटो लेंस शामिल होगा। कीमत की बात करें तो गूगल पिक्सल 11 की शुरुआती कीमत भारत में करीब 79,990 रुपये से 85,000 के बीच हो सकती है। वहीं पिक्सल 11 प्रो की कीतम लगभग 1,11,999 और पिक्सल 11 प्रो XL की कीमत 1,19,999 तक जा सकती है।

## अब मिनटों में चार्ज होगा आपका स्मार्टफोन, बस बदलें ये छोटी आदतें



अक्सर फोन की बैटरी जल्दी खत्म होना, बैकग्राउंड में चल रहे ऐप्स, हीटिंग इश्यू, खराब केबल या डर्टी चार्जिंग पोर्ट स्लो चार्जिंग की वजह बनते हैं। कई बार यूजर इन छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देते, जिससे चार्जिंग स्पीड प्रभावित होती है। सही तरीके अपनाकर आप चार्जिंग टाइम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। आज के डिजिटल दौर में स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ऑनलाइन पेमेंट से लेकर ऑफिस वर्क, पढ़ाई, मनोरंजन और सोशल कनेक्टिविटी—सब कुछ स्मार्टफोन पर ही निर्भर हो गया है। ऐसे में अगर फोन धीरे-धीरे चार्ज हो तो परेशानी होना स्वाभाविक है। कई बार ऐसा होता है कि फोन फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करता है, फिर भी चार्जिंग स्पीड बहुत कम रहती है। इसके पीछे कई छोटे-छोटे कारण हो सकते हैं, जिन्हें ठीक करके आप अपने फोन को पहले से ज्यादा तेजी से चार्ज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ आसान और असरदार टिप्स।

**स्मार्टफोन की स्लो चार्जिंग के सामान्य कारण**

अक्सर फोन की बैटरी जल्दी खत्म होना, बैकग्राउंड में चल रहे ऐप्स, हीटिंग इश्यू, खराब केबल या डर्टी चार्जिंग पोर्ट स्लो चार्जिंग की वजह बनते हैं। कई बार यूजर इन छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देते, जिससे चार्जिंग स्पीड प्रभावित होती है। सही तरीके अपनाकर आप चार्जिंग टाइम को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

**ओरिजिनल चार्जर और केबल का करें इस्तेमाल**

अगर आप चाहते हैं कि आपका फोन तेजी से चार्ज हो, तो हमेशा ओरिजिनल चार्जर और केबल का ही उपयोग करें। हर स्मार्टफोन एक खास वॉटेज की चार्जिंग सपोर्ट करता है, इसलिए उसी के अनुसार चार्जर चुनना जरूरी है। सस्ते या थर्ड-पार्टी चार्जर का इस्तेमाल करने से चार्जिंग स्पीड कम हो सकती है और बैटरी को नुकसान भी पहुंच सकता है। कोशिश करें कि उसी ब्रांड का या ब्रांड-सर्टिफाइड चार्जर इस्तेमाल करें, जिससे फोन को सही पावर मिल सके और चार्जिंग फास्ट बनी रहे।

**चार्जिंग के दौरान फोन को रखें आइडल मोड में**

फोन को तेजी से चार्ज करने का सबसे आसान तरीका है—चार्जिंग के समय उसे आइडल मोड में रखना। चार्जिंग के दौरान अगर आप फोन का इस्तेमाल करते रहते हैं, तो बैटरी एक साथ चार्ज और डिस्चार्ज होती रहती है, जिससे चार्जिंग स्लो हो जाती है। बेहतर होगा कि चार्जिंग के समय एयरप्लेन मोड ऑन कर दें। इससे नेटवर्क, Wi-Fi, ब्लूटूथ और उइए बंद हो जाते हैं और बैकग्राउंड में बैटरी की खपत कम होती है। साथ ही, चार्जिंग के दौरान गेम खेलना, वीडियो देखना या कॉलिंग से बचें। बैकग्राउंड में चल रही अनावश्यक ऐप्स को भी बंद कर दें।

**फोन को ओवरहीटिंग से बचाएं**

फोन का ज्यादा गर्म होना भी स्लो चार्जिंग की बड़ी वजह है। जब फोन हीट होता है, तो बैटरी सेफ्टी के लिए चार्जिंग स्पीड अपने आप कम हो जाती है। चार्जिंग के दौरान फोन को ठंडी जगह पर रखें और मोटा कवर हटा दें, ताकि हीट आसानी से बाहर निकल सके। फोन को कभी भी कंबल, तकिया या बेड पर रखकर चार्ज न करें, बल्कि हार्ड और फ्लैट सरफेस पर रखें। अगर आप वायरलेस चार्जिंग इस्तेमाल करते हैं, तो ध्यान रखें कि इसमें फोन ज्यादा गर्म होता है। इसलिए जरूरत होने पर ही वायरलेस चार्जर का उपयोग करें।

**चार्जिंग पोर्ट को रखें साफ**

कई बार चार्जिंग पोर्ट में धूल या गंदगी जमा हो जाती है, जिससे केबल सही तरीके से कनेक्ट नहीं हो पाती और चार्जिंग स्लो हो जाती है। समय-समय पर चार्जिंग पोर्ट को साफ करना जरूरी है। पोर्ट साफ करने के लिए किसी नुकीली धातु की चीज का इस्तेमाल न करें। आप सॉफ्ट ब्रश या ब्लोअर से हल्के हाथों से पोर्ट साफ कर सकते हैं।

**सॉफ्टवेयर अपडेट रखना भी है जरूरी**

स्मार्टफोन कंपनियां समय-समय पर सॉफ्टवेयर अपडेट जारी करती रहती हैं, जिनमें बैटरी ऑप्टिमाइजेशन और चार्जिंग स्पीड सुधारने वाले फिक्स शामिल होते हैं। अगर आपका फोन अपडेट नहीं है, तो चार्जिंग स्लो हो सकती है। इसलिए हमेशा अपने फोन का सॉफ्टवेयर अपडेट रखें। इससे न केवल चार्जिंग बेहतर होगी, बल्कि बैटरी लाइफ और फोन की परफॉर्मेंस भी सुधरेगी। स्मार्टफोन की स्लो चार्जिंग कोई बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन सही जानकारी न होने पर यह परेशानी बढ़ सकती है। ओरिजिनल चार्जर का इस्तेमाल, फोन को आइडल मोड में रखना, ओवरहीटिंग से बचाना, चार्जिंग पोर्ट साफ रखना और सॉफ्टवेयर अपडेट करना—ये सभी छोटे-छोटे कदम आपकी चार्जिंग स्पीड को काफी तेज कर सकते हैं। अगर आप इन आसान टिप्स को अपनाते हैं, तो आपका स्मार्टफोन पहले से ज्यादा तेजी से चार्ज होगा और बैटरी भी लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन करेगी।


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762






बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170